सार-समाचार

जैन संघ पैदल यात्रा, वरघोड़ा निकाला

सायला, (निसं)। शहर में सोमवार को श्री जय अम्बे जैन भक्त मंडल दियावट बैंगलोर के तत्वावधान में सायला से अम्बाजी धाम के लिए सत्रहवीं अखण्ड जैन संघ पैदल यात्रा को लेकर भव्य वरघोडे का आयोजन किया गया। वरघोडे के लिए पैदल संघ सहित जैन समाज के लोग बडी संख्या में कात्यायनी माता मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए। इसके बाद कात्यायनी माता मंदिर में पूजा अर्चना एवं दर्शन कर वरघोड़ा रवाना हुआ। वरघोडे में सुसज्जित रथ पर अम्बे माता की तस्वीर विराजमान थी। वही डीजे व बैंड पार्टी आकर्षण का केंद्र रही। जिसके भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते हुए माताजी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। वरघोडा कात्यायनी माता मंदिर से रवाना होकर आम चोहटा, पोस्ट ऑफिस रोड, पुराना बस स्टेंड होते हुए ओटवाला रोड स्थित अम्बे माता मंदिर पहुंचा। जहां पर मंदिर में अम्बे माता की महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमे बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तत्पश्चात प्रसादी वितरित की गई। वही मंगलवार को अम्बे माता मन्दिर से प्रातः 5 बजे ब्रह्म मुहुर्त में पैदल संघ रवाना होगा। जो बाकरारोड, नून, रामसीन, जीरावला, दतानी तीर्थ, आबुरोड होते हुए 22 सितम्बर, सोमवार को अम्बाजी धाम गुजरात पहुंचेगा। जहां संघ द्वारा अम्बाजी धाम में 11 मीटर की ध्वजा चढाई जाएगी। पैदल यात्रा संघ का लाभ संघवी मातुश्री मिश्रीदेवी देवीचंद लुंकड परिवार दासपां ने लिया है और संघ में करीब 151 श्रद्धालु शामिल होंगे।

भाजपा दक्षिण देहात की कार्यशाला हुई

जोधपुर, (कासं) । भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश के निर्देशानुसार भाजपा दक्षिण देहात जोधपुर की जिला कार्यशाला आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क पावटा में आयोजित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, सांसद खेल महोत्सव और नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म को सफल बनाने के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान करना था। मुख्य वक्ता नारायण पंचारिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सदैव राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहते हैं और इन कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर सफल बनाना उनका कर्तव्य है। जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जब भी कोई जिम्मेदारी लेते हैं, तो उसे पूर्ण समर्पण के साथ निभाते हैं। पूर्व मंत्री कमसा मेघवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम जनहित के लिए हैं और इन्हें पूरे मनोयोग से करना चाहिए। कार्यशाला में सरल ऐप पर कार्यक्रम अपलोड करने की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मानाराम गर्ग ने दी। धन्यवाद एवं आभार जिला महामंत्री डॉ. यशपाल गोदा ने व्यक्त किया। संचालन जिला महामंत्री सुमित्रा विश्नोई एवं शिवराम ग्वाला ने किया। कार्यक्रम में केरु प्रधान अनुश्री पुनिया, तिंवरी प्रधान नीलम भाटिया, पीपाड़ नगर पालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छवाहा सहित सांसद खेल महोत्सव, सेवा पखवाड़ा, जीएसटी रिफॉर्म व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला संयोजक एवं सहसंयोजक मौजूद रहे।

सात दिवसीय चक्रध्यान साधना शुरू

जोधपुर, (कासं) । भैरू बाग पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर तीर्थ में साध्वी अर्चितगुणाश्री के सानिध्य में सात दिवसीय चक्र साधना का शुभारंभ हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन एवं सचिव जगदीश गांधी ने बताया कि गुरुवर्या ने प्रथम चक्र मूलाधार को संतुलित करने के उपाय बताते हुए इससे होने वाले लाभ के बारे में सूक्ष्मता से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह चक्र व्यक्ति के आत्मविश्वास, ऊर्जा और स्वास्थ्य की दृष्टि लाभप्रद रहता है। यह चक्र मानसिक संतुलन के साथ आत्म सम्मान को बढ़ाते हुए सक्षमता का आभास करवाता है। तीर्थ के अध्यक्ष गणेश भंडारी एवं प्रदीप खिंवसरा ने बताया कि तीर्थ में चल रही नवठाह आराधना के अंतिम दिन गुरुवर्या ने आराधकों को केतु गृह के साथ परमात्मा पार्श्वनाथ के मंत्र जाप करवाते हुए अष्ठ प्रकारी पूजन के साथ आराधना करवाई। इस अवसर पर उपरोक्त गृह के बारे में जानकारी देते हुए गुरुवर्या ने कहा कि मजबूत केतु आध्यात्मिकता से रूबरू करवाते हुए आत्म ज्ञान की ओर ले जाता है। यह सांसारिक इच्छाओं से विरक्ति दिलाते हुए वैराग्य के मार्ग पर आगे बढ़ाता है। आराधना के तहत नौ दिन तक आराधकों को सामूहिक एकासन श्रीमती प्रभा, कनकराज गोलियां, कैलाश एवं प्रमिला पटवा द्वारा करवाए गए।

गाय को बचाने के प्रयास में कार पलटी

जोधपुर, (कासं) । पुरानी भाखरी, सूरसागर क्षेत्र में एक व्यक्ति की कार दीवार से टकराने के बाद पलटी खा गई। इसमें चालक घायल हो गया। बाद में घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। बताया गया कि कार गाय को बचाने के प्रयास में दीवार से टकराने के बाद पलटी खा गई। सूरसागर पुलिस ने शव को कार्रवाई कर बाद परिजन के सुपुर्द किया। सूरसागर पुलिस ने बताया कि सोढ़ों की ढाणी निवासी लक्ष्मण सिंह पुत्र खुंम सिंह माली ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका साला पुराना भाखरी बास, सूरसागर निवासी 57 वर्षीय सुरेंद्र सिंह पुत्र सोहनलाल माली कार लेकर निकल रहा था। तब घर के नजदीक ही कार के सामने एक गाय आ गयी। गाय को बचाने के प्रयास में कार दीवार से टकराने कर पलटी खा गई। इससे सुरेंद्र घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई।

निविदा नर्सिंग भर्ती का विरोध

जोधपुर, (कासं) । डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज प्रशासन निविदा के तहत 302 नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती कर रहा है। इस भर्ती को रद्द करने की मांग को लेकर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने आज प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विजेंद्रसिंह मेड़तिया ने बताया कि निविदा भर्ती/ठेका प्रथा रद्द करवाने के लिए सोमवार को मेडिकल कॉलेज में विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि निविदा भर्ती में नर्सेज को अल्प वेतन पर रखा जा रहा है जो श्रमिक के वेतन से भी कम है। इस प्रकार उनका आर्थिक शोषण हो रहा है। निविदा भर्ती की प्रक्रिया विश्वसनीय व पारदर्शी नहीं है। इस प्रकार की भर्ती से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है।

स्वर्णकार समाज ने प्रतिनिधित्व मांगा

जोधपुर, (कासं) । स्वर्णकार समाज के लोगों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मिलकर अपनी बात रखी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर जोधपुर के स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मुलाकात की। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने राठौड़ से भाजपा में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की। समाज के राजेंद्र सोनी, मोहन सोनी सहित अन्य लोगों ने बताया- स्वर्णकार समाज बीजेपी का कोर वोटर है। पंचायत से लेकर नगर निकाय विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव सहित हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजय दिलाने में अठाणी भूमिका निभाता है। समाज के व्यक्ति को पार्टी चुनाव जीतने के बाद संगठन और सरकार में स्थान नहीं देती है इससे समाज खुद को अपेक्षित महसूस करता है। इसलिए आगामी समय में समाज का प्रतिनिधित्व देने की मांग की गई है।

कबाड़ी से देशी पिस्टल व कारतूस बरामद

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर में सदर कोतवाली पुलिस ने बागर चौक, गोलनाडी रोड पर एक कबाड़ी को संदेह के आधार पर पकड़ा। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिले। इस पर उसे आम्र्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना को लेकर सदर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया। थानाधिकारी अनिल यादव गोलनाडी रोड बागर चौक क्षेत्र में अंबेडकर पार्क के पास में गश्त पर थे। तब एक कबाड़ी संदिज्ध लगने पर उसे रोका और तलाशी ली गई। तब उसके पास में देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस पर आरोपी मानसागर, महामंदिर शिवपुरी निवासी अनिल उर्फ अतुल खटीक को आम्र्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया। वह आम्र्स कहां से लाया इस बारे में पूछताछ जारी है।

अनुपम व दीप्ति चतुर्वेदी को पुरस्कार

पाली, (नि.सं.)। भाषा एवं पुस्तकालय विभाग राजस्थान सरकार द्वारा हिंदी दिवस पर सवाई मानसिंह चिकित्सा सभागार जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राजकिकीय बांगड़ महाविधालय पाली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अनुपम चतुर्वेदी एवं डॉ दीप्ति चतुर्वेदी को उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा द्वारा उनकी पुस्तक भारतीय राजनीतिक व्यवस्था के लिए संयुक्त रूप से हिंदी सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लेखकों को संविधान एवं विधि श्रेणी में संयुक्त रूप से 50000 रुपए की राशि, शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

शहरी सेवा शिविर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक लगेंगे

जालोर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण प्रदेश के शहरी निकायों में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर, 2025 तक शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन किया जायगा। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध करवाने व उनके संबंधित प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित कर राहत प्रदान करना है।

नगर परिषद जालोर के आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शहरी नागरिकों की कठिनाईयों के निवारण प्रदत्त सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान के लिए अब संशोधित कार्यक्रमानुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक "शहरी सेवा शिविर-2025" का आयोजन किया जायेगा। शिविर कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए लेखाधिकारी अशोक कुमार शर्मा को नोडल अधिकारी व राजस्व अधिकारी श्रवणराम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अधिकारियों-कार्मिकों की नियुक्ति की गई है।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार 17 व 18 सितम्बर को वार्ड 1 से 3 तक, 19 व 20 सितम्बर को वार्ड सं. 4 से 7 तक, 23 व 24 सितम्बर को वार्ड सं. 8 से 11 तक, 25 व 26 सितम्बर को वार्ड सं. 12 से 15 तक, 27 व 29 सितम्बर को वार्ड सं. 16 से 19 तक, 3 व 4 अक्टूबर को वार्ड सं. 20 से 23 तक, 6 व 7 अक्टूबर को वार्ड सं. 24 से 27 तक, 8 व 9 अक्टूबर को वार्ड सं. 28 से 31 तक, 10 व 11 अक्टूबर को वार्ड सं. 32 से 34 तक 13 व 14 अक्टूबर को वार्ड सं. 35 से 37 तक तथा 15 व 16 अक्टूबर को वार्ड सं. 38 से 40 तक के लिए नगर परिषद जालोर के सभागार में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक कैम्प का आयोजन किया जायेगा। वही 17 अक्टूबर को वार्ड सं. 1 से 40 तक के लिए फोलोअप कैम्प आयोजित होगा। शिविरों में शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, सीसी/डामर सड़कों के मरम्मत व पेचवर्क कार्य, स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त करना, जन सुरक्षा व महिला सुरक्षा को देखते हुए अंधेरी/सुनसान सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाने, शहर के प्रमुख स्थानों व चौराहों का सौन्दर्यकरण, नालियों की मरम्मत, फेरोकवर व मैन हॉल्स की मरम्मत, सीवर लाइन के लिकेज की मरम्मत, निराश्रित पशुओं के पकड़ने की कार्यवाही, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, साइनेज लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, ओएफसी-मोबाइल टावर एनओसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण. पत्र जारी करना, अनुमोदित योजनाओं के पट्टे/ 69 ए, 54 ई, 50 बी, 60 सी के अंतर्गत पट्टे/उप विभाजन-पुर्नगठन/भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण, खांचा भूमि/लीज मुक्ति प्रमाण-पत्र/ भवन निर्माण स्वी.ति आदि प्रकरणों का निस्तारण, लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करना, यूडी टैक्स जमा करवाने की सुगम व्यवस्था, राजकीय विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति जारी करना, विद्यालयों, आंगनबाड़ी व अन्य सार्वजनिक भवनों कर मरम्मत व सौन्दर्यकरण कार्य, अटल पेंशन योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन आदि के आवेदन प्राप्त कर आमजन को लाभान्वित करना, पीएम स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम अंतर्गत लाभार्थियों की प्रोफाइलिंग कर केन्द्र सरकार की पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जन-धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रमयोगी मान-धन योजना, भवन निर्माण वर्कर का पंजीकरण, वन नेशन वन राशन कार्ड, मातृ वंदना योजना आदि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाना, पीएम स्वनिधि तथा सीएम स्वनिधि के लक्ष्यनुरूप नए आवेदन पत्र भरवाना तथा लंबित आवेदनों का ऋण वितरण करवाना और राज्य सरकार, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, नगरनिकायों द्वारा निर्धारित अन्य कार्य किए जाएंगे।

विद्युत उपभोक्ता परेशान, समाधान का करते हैं इंतजार

जालोर, (कास)। जालोर शहर में बिजली उपभोक्ताओं की मुसीबतें थमने का नाम नहीं ले रही। एफआरटी (फॉल्ट रिपेयर टीम) कर्मचारियों की हठधर्मिता और लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को हर रोज भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

जालोर शहर केवल एक गाडी और सीमित कार्मिकों के भरोसे छोड दिया गया है। नतीजा यह है कि छोटे-छोटे फॉल्ट ठीक करने में भी घंटों लग रहे हैं और उपभोक्ताओं को अंधेरे में रात गुजारनी पड रही है। जालोर शहर में दो गाडियां और तीस कार्मिक एफआरटी के लिए तैनात हैं। लेकिन हकीकत में अधिकतर समय पर काम केवल एक गाडी से ही लिया जा रहा है।

जालोर शहर के किले की घाटी, सरावास , लाल पोल, बडी पोल, वाडिया और राजेंद्र नगर सहित कई इलाकों में बिजली गुल होते ही उपभोक्ता शिकायत करते हैं, लेकिन टीम या तो फोन नहीं उठाती या फिर घंटों बाद मौके पर पहुंचती है। कॉल करने पर कहते हैं अभी दूसरी जगह हैं, आते हैं। लेकिन कई बार पूरा दिन निकल जाता है। कभी फोन ही नहीं उठाते। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं होती। बार-बार कॉल करने पर टीम के कार्मिक खुलेआम पैसे मांगते हैं। बरसात के दौरान उपभोक्ताओं को तीन से पांच सौ रुपए तक देकर काम करवाना पडा है।

जालोर शहर के एईएन कार्यालय परिसर में एफआरटी का हेल्प डेस्क खोला गया है, लेकिन यह सुबह दस॰ बजे से शाम 5 बजे तक ही खुलता है। शाम को ताला लग जाते ही उपभोक्ता पूरी तरह से असहाय हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि हेल्प डेस्क को 24 घंटे चालू रहना चाहिए ताकि रात में भी समस्याओं का समाधान हो सके।

एफआरटी टीम के सुपरवाइजर इंदरसिंह का कहना है कि शहर में दो गाडियां और तीस॰ कार्मिक कार्यरत हैं। शिकायतें ज्यादा होने से समय पर निवारण नहीं हो पा रहा है। रही बात पैसों की, तो हमारी टीम का इसमें कोई हाथ नहीं है। यह काम कुछ निजी लोग कर रहे हैं।

रक्तदान के पोस्टर का विमोचन

जालोर, (कासं)। स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय व भारतीय रेलवे मंत्रालय की सहभागिता में अखिल भारतिय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में दुनिया का सबसे बडा रक्तदान अमृत महोत्सव 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन राजकीय अस्पताल ब्लड बैंक जालोर में एकलव्य फाउंडेशन जालोर के प्रायोजक में रखा गया है। पोस्टर का विमोचन राजीविका संस्था जालोर के कार्यक्रम के दौरान रूमा देवी फाउंडेशन बाडमेर की संस्थापक राष्ट्रपति से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता रूमा देवी के हाथों किया गया। उपखण्ड अधिकारी मनोज द्वारा किया गया। रेल्वे स्टेशन, हॉस्पिटल चौराहा, मार्किट सहित कई जगह पोस्टर लगाए। एकलव्य फाउंडेशन जालोर के वरिष्ठ सलाहकार सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान आदि मौजूद रहे।

तीन महीने के शिशु को बचाया

भीनमाल, (निसं)। स्थानीय नाहर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक तीन महीने के बालक को गंभीर रूप से बीमार होने पर अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया था। शिशु गंभीर डिहाइड्रेशन, एसिडोसिस पीएच 6.8, एचसीओ 3-5, हाइपरनेट्रेमिया और तीव्र गुर्दा क्षति बीयूएन 32० से पीडति था। भर्ती के समय बच्चे का वजन 2.5 किलोग्राम जन्म के समय से घटकर केवल 2.3 किलोग्राम रह गया था।

अस्पताल के चिकित्सक डॉ अक्षय राजपुरोहित और स्टाफ ने तुरंत उपचार कर शिशु को स्थिर किया और आईसीयू में भर्ती किया। एक सप्ताह की गहन देखभाल के बाद शिशु का वजन बढकर 3.2 किलोग्राम हुआ और उसके गुर्दे भी पूरी तरह स्वस्थ हो गए। विस्तृत जानकारी में पाया गया कि शिशु को बकरी का दूध पिलाया गया था। जिससे गैस्ट्रोएंटेराइटिस, गंभीर निर्जलीकरण और गुर्दे की क्षति हुई। नाहर अस्पताल के संचालकों ने नागरिकों को संदेश दिया कि 6 महीने से कम उम्र के शिशुओं को केवल स्तनपान ही कराना चाहिए।

नाडी मोहल्ला यू.पी.एच.सी. पाली को दो लाख रुपए मिलेंगे

पाली, (नि.सं.)। चिकित्सा विभाग में चल रहे कायाकल्प कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025 में पाली शहर की नाडी मोहल्ला यूपीएचसी ने बाजी मारी है। यह यूपीएचसी 98 अंकों के साथ पूरे जोधपुर संभाग में प्रथम स्थान पर रही। इस कार्यक्रम के तहत सरकार की ओर से नाडी मोहल्ला यूपीएचसी को पुरस्कार के रूप में दो लाख रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। वहीं पाली शहर में संचालित हो रही तीन अन्य यूपीएचसी जिसमें टैगोर नगर, मंडिया रोड व प्रताप नगर स्थित राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों ने 70 प्रतिशत अंकों से अधिक प्राप्त किए है। इन तीन यूपीएचसी को भी पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाएगी।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत सरकार ने पिछले दिनों वर्ष 2025 में पाली शहर में संचालित हो रही चारो यूपीएचसी, जिसमें राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाडी मोहल्ला, टैगोर नगर, मंडिया रोड व प्रतापनगर की यूपीएचसी का राज्य स्तरीय टीम द्वारा कायाकल्प असेसमेंट करवाया गया था।

इस योजना के तहत तीन सदस्यीय टीम ने ऑनलाइन मूल्यांकन कर निर्धारित अंक प्रदान किए। टीम ने अस्पताल के अंदर एवं बाहर के क्षेत्र का मूल्यांकन किया। इसके अलावा साफ सफाई, रखरखाव, मेडिकल कचरा प्रबंधन व निस्तारण, संक्रमण नियंत्रण, सहयोगी सेवाएं, स्वच्छता को बढ़ावा देना देने वाली सेवाओं का मूल्यांकन कर अंक दिए गए। असेसमेंट दौरान लादुराम लेखा सहायक जितेंद्र कुमार ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर, एएनएम जनक कुमारी साहित सभी पैरामेडिकल स्टाफ ने सहयोग किया

उन्होंने बताया कि कायाकल्प कार्यक्रम में पाली जिला मुख्यालय पर नाडी मोहल्ला स्थित राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने असेस्मेंट में 98 अंक प्राप्त कर जोधपुर संभाग में विजेता यानि प्रथम स्थान पर रही है। साथ ही पूरे राजस्थान में टॉप 4 विजेताओं में भी शामिल रही। इसके तहत इस यूपीएचसी को दो लाख की राशि मिलेगी। इसी तरह पाली मुख्यालय पर स्थित राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टैगोर नगर, मंडिया रोड़ व राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रताप नगर पाली ने 70 प्रतिशत से अधिक स्कोर प्राप्त कर प्रशस्ति पत्र का हकदार बनी। उन्होंने बताया कि कायाकल्प के तहत इन तीन यूपीएचसी को अवार्ड के रूप में 50-50 हजार रूपए की राशि मिलेगी। इस राशि से इन यूपीएचसी में विकास के कार्य करवाए जा सकेंगे।

बास्केटबॉल में बाड़मेर विजेता, पाली उपविजेता

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य अंतर जिला 10वीं सिविल सेवा बास्केटबॉल पुरुष एवं 9वीं सिविल सेवा वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 का सोमवार को आज बांगड स्टेडियम में प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। सोमवार को बांगड स्टेडियम में वॉलीबॉल फाइनल मुकाबले में उदयपुर विजेता रहा और बास्केटबॉल में बाड़मेर विजेता रहा।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक पुष्पेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मारवाड मेहमान नवाजी के लिये जाना जाता है। उन्होंने पाली में इसके आयोजन व सभी के सहयोग के लिये सभी को शुभकामनाएं दी और विजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल हमें टीम भावना से रहना और काम करना सिखाते है।

कार्यक्रम में जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमने आयोजन को सफल बनाने के लिये सभी प्रकार के प्रयास और व्यवस्था के बारे में बताया और आयोजन के बारे में प्रकाश डाला। साथ ही इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ बजरंग सिह ने आयोजित समारोह में प्रतियोगिता के आयोजन की रूपरेखा के बारे में प्रकाश डाला। जिला कलक्टर मंत्री ने सफल आयोजन के लिये सभी का आभार व्यक्त किया व विजेताओं को बधाई दी व उपविजेता टीमों को आगे के लिये शुभकामनाएं प्रदान की।

इससे पहले आये हुये अतिथियों का स्वागत किया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। समापन समारोह में खेल प्रतियोगिता के ध्वज को पुनः उतारा गया।

साथ ही इस अवसर पर आयोजन में सहयोग के लिये भामाशाहों का अध्यक्ष सी.ई.टी.पी. अशोक लोढ़ा, समाज सेवी अमर चन्द समदड़िया, सचिव डिस्ट्रीक्ट क्लब पुनित मुथा, आवास व्यवस्था के लिये बाड़सा रिसोर्ट सुमेरपुर रोड़ मंगलाराम चौधरी, अठासेन वाटिका, पाली श्री अठावाल पंचायत, उदय वाटिका, महेश वाटिका, माहेश्वरी समाज, शिव वाटिका माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी भवन माहेश्वरी समाज पाली, शिव गौरी वाटिका, श्री रुप रजत विहार, श्री रुप मुनि रजत गुरु सेवा समिति, पाली, माली समाज भवन माली समाज पंचायत एवं शिक्षण संस्थान का सम्मान किया गया।

इन्द्र प्रकाश अरोड़ा प्रोपराईटर राजा रेस्टोरेन्ट, आशीष अरोड़ा अधिवक्ता एवं समाजसेवी का सहयोग रहा।

फाईनल मुकाबले में बांगड स्टेडियम में आयोजित वॉलीबॉल में उदयपुर वर्सेज भीलवाडा में रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें उदयपुर विजेता रहा। इसी प्रकार बास्केटबाल मुकाबला बांगड स्कूल में पाली वर्सेज बाडमेर में हुये मुकाबले में बाडमेर ने बाजी मारी और खिताब अपने नाम किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मैडल प्रदान किये।

कार्यक्रम में विधायक पाली भीमराज भाटी, सुनील भंडारी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह, प्रशिक्षु आईएएस बिरजू गोपाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी पंवार, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, खेल अधिकारी जयपुर मालती चौहान आदि मौजूद रहे।

गौ माता को लापसी खिलाई

पोकरण, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा पोकरण के अध्यक्ष अभयकुमार अग्रवाल ने अपना 68वाँ जन्मदिन 14 सितंबर की सांयकाल नंदी गोशाला, रामदेवरा में मनाया।

सचिव कुंभ सिंहस्थ चम्पावत ने बताया कि उन्होंने अपनी माता जी के हाथों से गोमाता को गुड की लापसी खिलाई और आशीर्वाद प्राप्त किया।

उपभोक्ता के अधिकारों पर चर्चा

सांचौर, (निसं)। उपभोक्ता संरक्षण जन कल्याण समिति नगर सांचोर की बैठक उमेद होटल जानवी हाउस में गजेन्द्रसिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष समिति जालोर की अध्यक्षता व सांचौर नगर अध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड की मौजूदगी में आयोजित हुई।

तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने खाद्य पदार्थ का सामन खरीदते समय सामान का पक्का बिल सही तरीके से माप तोल, गुणवत्ता और एक्सपायरी डेट का भी ध्यान रखें और यदि दूकान दार इन सभी बातों में आना कानी करे तो तुरंत आप उपभोक्ता संरक्षण जन कल्याण समिति सांचौर को सूचना दे। सामान खरीदते समय पक्का बिल अवश्य लेंवे। इस दौरान समिति में अध्यक्ष पद पर अर्जुन सिंह राठौड वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बाबूलाल सुथार उपाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार झाब गौतम कुमार दर्जी मांगीलाल चौधरी ओम प्रकाश माली महासचिव प्रकाश कुमार खत्री सचिन पद पर प्रवीण सिंह सोढा रमेश कुमार देवासी जेठू सिंह चौहान कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार संगटन सचिव सावलाराम देवासी प्रकाश मालवीय प्रचार सचिव श्रवण कुमार जीनगर सुरेश कुमार हितेश कुमार जोशी प्रवक्ता पद पर देवीसिंह सोलंकी कानूनी सलाहकार पद पर रघुवीर सिंह व रामनिवास नाबरियां सहलाकर पद पर रमेश कुमार व भंवर लाल विशनोई को नियुक्त किया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारी एवं उपभोक्ता मौजूद रहे।

सार-समाचार

गुड़ामालानी में किसानों का धरना

गुड़ामालानी, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने सोमवार को अनिश्चितकालीन धरना तहसील कार्यालय के सामने दिया । किसानों ने उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा को मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष मफताराम चौधरी ने बताया कि रबी वर्ष 2022 एवं 2023 में ओलावृष्टि होने के कारण पूरे क्षेत्र में ईसबगोल व जीरे की फसल के साथ अन्य किस्म की फसलें अत्यंत खराबा होने के बावजूद भी अभी तक अनुदान राशि नहीं मिली। किसानों पर एक मौसम की मार दूसरी ओर सुअरों का आतंक से फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं । ऐसे में किसानों को दोनों तरफ से मारा झेलनी पड रही है। तहसील अध्यक्ष खेताराम सियाग ने कहा कि किसाने की मांग है कि रबी एवं खरीफ सीजन की बकाया सब्सिडी और आदान अनुदान राशि शीघ्र जारी की जाए। किसानों ने पूर्व में कई बार ज्ञापन लेकर रवि सीजन की सब्सिडी की मांग की। समय रहते सरकार ने किसानों की मांग नहीं मानी तो धरना जारी रहने के साथ प्रदर्शन भी करने की बात कही। धरना स्थल पर जिला उपाध्यक्ष खेताराम जाजड, जिला मंत्री दिनेश पटेल, उपाध्यक्ष मांगीलाल पंवार, बाबुलाल डांगरिया, देवाराम सियाग सहित क्षेत्र के हजारों किसान उपस्थित रहे ।

गरबा महोत्सव पर चर्चा की

जालोर,(का.सं.)। माली समाज सोलंकी लायसा परिवार सेवा संस्थान जालौर की ओर से नवरात्रि गरबा महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैङ्क श्री क्षेमंकरी माता मंदिर, प्रेम नगर जालोर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष जुठाराम सोलंकी ने की, जबकि संचालन एवं आयोजन की जानकारी संस्थान मंत्री सुरेश सोलंकी ने दी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि गरबा महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए विभिन्न समितियों का गङ्गन कर सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नवरात्रि महोत्सव की शुरुआत स्थापना पूजा-अर्चना के साथ होगी। वहीं अष्टमी के दिन मां क्षेमंकरी माता के दरबार में विशेष हवन का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी चलेगी। बैठक में समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से छोगाराम, राजूराम, कमलेश सोलंकी, तेजाराम सोलंकी, कालूराम माली, रमेश कुमार सोलंकी, चेलाराम, महेंद्र सोलंकी, हुकमीचंद सोलंकी, नरेंद्र सोलंकी, रामलाल, ओम पिसोला, पुखराज, चुन्नीलाल, भरत, जितेंद्र, विक्रम, सुरेश, रविन्द्र, किशोर, निकिल सहित अनेक सदस्य शामिल थे।

मिठाई की दुकान पर छापा, सैंपल लिए

पाली, (नि.सं.)। पाली जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान जारी है। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के निर्देशानुसार शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शहर के सुरजपोल चौराहा पर स्थित कृष्णा मावा भंडार एण्ड कुल्फी पर शिकायतकर्ता ने बताया की उसने रबड़ी खरीदी थी। उसमें मरी हुयी कंसारी पायी इसके बाद खाद्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दुकान पर बेची जा रही कलाकन्द व रबडी के सैंपल लिए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप सिंह यादव ने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि सै